## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 11 मई 2026

### यथा 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष/तिमाही हेतु वित्तीय परिणाम

*वैश्विक कारोबार में वर्षानुवर्ष 12.11% की वृद्धि*

*वैश्विक जमा में वर्षानुवर्ष 9.71% की वृद्धि*

*वैश्विक अग्रिम में वर्षानुवर्ष 15.30% की वृद्धि*

*निवल लाभ में वर्षानुवर्ष 12.69% की वृद्धि*

**वित्तीय वर्ष 25 के दौरान 200% की तुलना में प्रदत्त पूंजी का 210% लाभांश**

### प्रमुख बिंदु
### (मार्च 2026 बनाम मार्च 2025)

- वैश्विक कारोबार 12.11% की वृद्धि के साथ ₹28,06,226 करोड़ रहा।
- वैश्विक जमा राशि 9.71% की वृद्धि के साथ ₹ 15,68,678 करोड़ रहा।
- वैश्विक अग्रिम 15.30% की वृद्धि के साथ ₹12,37,548 करोड़ रहा।
- आरएएम क्रेडिट में 19.73% की वृद्धि हुई।
- खुदरा ऋण में 32.93% की वृद्धि, आवास ऋण में 17.55% और वाहन ऋण में 26.33% की वृद्धि हुई।
- शुल्क आधारित आय 8.83%(वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 9,649 करोड़ रहा।
- वित्तीय वर्ष के दौरान परिचालन लाभ 5.19% की वृद्धि के साथ ₹ 33019 करोड़ रहा ।
- वित्तीय वर्ष के दौरान निवल लाभ 12.69% की वृद्धि के साथ ₹ 19187 करोड़ रहा।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 151 बीपीएस सुधार के साथ 94.21% रहा।
- प्रति शेयर आय में 12.68% की वृद्धि हुई।
- सकल एनपीए अनुपात 110 बीपीएस के सुधार के साथ 1.84% रहा।
- निवल एनपीए अनुपात 27 बीपीएस के सुधार के साथ 0.43% रहा।
- ऋण लागत 33 बीपीएस के सुधार के साथ 0.59% रहा।
- स्लिपेज अनुपात 21 बीपीएस सुधार के साथ 0.69% रहा।

1 Bank Number 1800 1030 24/7 365 Days IN 12 LANGUAGES ai1 THE BANKING SUPER APP केनरा बैंक Canara Bank Canara HEAL HEALTHCARE LOAN

## कारोबार निष्पादन के प्रमुख अंश (यथा 31.03.2026)

### कारोबार

- बैंक का वैश्विक कारोबार मार्च 2026 तक 12.11% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 28,06,226 करोड़ हो गया, जिसमें वैश्विक जमा राशि 9.71% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 15,68,678 करोड़ और वैश्विक अग्रिम (सकल) 15.30% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 12,37,548 करोड़ रहा।
- बैंक की घरेलू जमा राशि मार्च 2026 तक 7.95% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 14,36,905 करोड़ रही।
- बैंक का घरेलू अग्रिम (सकल) मार्च 2026 तक 15.12% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹11,61,143 करोड़ रहा ।
- आरएएम क्रेडिट 19.73% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 7,30,520 करोड़ रहा ।
- खुदरा ऋण पोर्टफोलियो 32.93% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹2,96,912 करोड़ रहा।
- आवास ऋण पोर्टफोलियो 17.55% (वर्षानुवर्ष) की वृद्धि के साथ ₹ 1,24,799 करोड़ रहा।

### आस्ति गुणवत्ता

- सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) मार्च 2026 में घटकर 1.84% रहा, जो दिसंबर 2025 तक 2.08% और मार्च 2025 तक 2.94% था।
- निवल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनएनपीए) अनुपात मार्च 2026 में घटकर 0.43% रहा, जो दिसंबर 2025 में 0.45% था और मार्च 2025 तक 0.70% था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) मार्च 2026 में 94.21% रहा, जो दिसंबर 2025 में 94.19% और मार्च 2025 तक 92.70% था।

### पूंजी पर्याप्तता

- मार्च 2026 तक सीआरएआर 17.04% रहा। जिसमें से सीईटी1 12.44%, टियर-I 14.59% और टियर-II 2.45% है।

### प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन

- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र और कृषि ऋण में एएनबीसी के क्रमशः 40% और 18% के मानदंड की तुलना में बैंक ने मार्च 2026 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में 43.71% और कृषि ऋण में एएनबीसी का 19.52% लक्ष्य हासिल किया।
- लघु और सीमांत किसानों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 10.00% के मानदंड की तुलना में बैंक ने 12.55% का लक्ष्य हासिल किया।
- कमजोर वर्गों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 12.00% के मानदंड की तुलना में बैंक ने 18.65% का लक्ष्य हासिल किया।
- सूक्ष्म उद्यम को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 7.50% के मानदंड की तुलना में बैंक ने 9.37% का लक्ष्य हासिल किया।
- गैर कॉर्पोरेट किसानों को ऋण प्रदान करने के एएनबीसी के 14.00% के मानदंड की तुलना में बैंक ने 15.10% का लक्ष्य हासिल किया।

### नेटवर्क

- यथा 31.03.2026 तक, बैंक की 10097 शाखाएँ हैं, जिनमें से 3200 ग्रामीण, 3025 अर्ध-शहरी, 1987 शहरी और 1885 मेट्रो के साथ-साथ 11306 एटीएम व रीसाइकलर मशीन हैं। बैंक की लंदन, न्यूयॉर्क, दुबई और आईबीयू गिफ्ट सिटी में 4 अंतर्राष्ट्रीय शाखाएँ भी हैं।

1 Bank Number 1800 1030 24/7 365 Days in 12 Languages
ai1 The Banking Super App
केनरा बैंक Canara Bank
Canara HEAL Healthcare Loan